# अग्रवाल महाविद्यालय ने सॉफ्टबॉल में तीसरा स्थान प्राप्त किया

महर्षि विश्वविद्यालय रोहतक में आयोजित तीन दिवसीय अंतर्महाविद्यालय की सॉफ्टबॉल की प्रतियोगिता में अग्रवाल महाविद्यालय की सॉफ्टबॉल की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता 26 से 30 दिसंबर तक यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में आयोजित हुई। प्रतियोगिता में 10 महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता ने इस उपलब्धि पर टीम के सभी खिलाडियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सब उनके निरंतर अभ्यास व खेल के प्रति उनकी लगन के कारण संभव हो सका है। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंध समिति के प्रधान श्री देवेंद्र गुप्ता ने भी खिलाडियों को बधाई देते हुए उनके भविष्य की कामना की। कॉलेज के खेल विभाग के प्राध्यापक डॉ जगवीर सिंह ने खिलाडियों को भविष्य में और अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।